खाद के लिए दर-दर भटक रहे किसान

खास बातें

- टोकन व्यवस्था बनी बड़ी मुसीबत
- ऑनलाइन केंद्रों पर घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिल रहा टोकन
- गोदामों में पर्याप्त यूरिया होने के बावजूद मनमानी का आरोप



नवभारत न्यूज

आनंदपुर 24 जुलाई, क्षेत्र में यूरिया और डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है. किसान प्रतिदिन बड़ी उम्मीद के साथ ऑनलाइन खाद वितरण केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन टोकन नहीं मिलने के कारण घंटों इंतजार करने के बाद मायूस होकर घर लौट रहे हैं. कई किसानों का कहना है कि अब सुबह से शाम तक खाद केंद्रों के चक्कर लगाना उनकी दिनचर्या बन गया है.

किसानों का आरोप है कि निजी खाद व्यापारियों के गोदामों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को आसानी से खाद नहीं दी जा रही है. उनका कहना है कि कुछ व्यापारी मनमानी कर रहे हैं, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.किसान शुभम ने बताया कि व्यापारियों के पास पर्याप्त मात्रा में यूरिया होने के बावजूद किसानों को खाद के लिए भटकाया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन इस पूरे मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहा है और संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं.

परिचित किसानों को ही खाद देने का आरोप

किसान ऋतिक शर्मा ने खाद वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ खाद व्यापारी अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा रहे हैं. उनका आरोप है कि व्यापारी केवल अपने परिचित किसानों को ही खाद का वितरण कर रहे हैं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पहले खाद की कीमत तय की जाती है, उसके बाद उसी के अनुसार अपने डीलर से सीमित मात्रा में स्टॉक ऑनलाइन दर्ज कराया जाता है.

प्रशासन से पारदर्शी व्यवस्था और कार्रवाई की मांग

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए, टोकन प्रणाली में सुधार किया जाए तथा यदि कहीं कृत्रिम कमी, अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए. किसानों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो क्षेत्र के किसान चक्का जाम और हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगे.किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन के इस महत्वपूर्ण समय में समय पर यूरिया और डीएपी उपलब्ध नहीं होने से फसलों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है. ऐसे में प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप कर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि खेती प्रभावित न हो और किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े.

बायपास में अधिग्रहित कृषि भूमि का चार गुना मुआवजा दिलाने की मांग

- प्रभावित किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सिरोंज 24 जुलाई, सिरोंज बायपास भोपाल रोड से बासौदा रोड निर्माण में अधिग्रहित कृषि भूमि का चार गुना मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा.

इस दौरान उन्होंने कहा कि सिरोंज में भोपाल रोड से बासौदा रोड को जोड़ने वाले नए बायपास निर्माण हेतु सिरोंज कस्बा एवं ग्राम धर्मपुर के किसानों की कृषि भूमि शासन द्वारा अधिग्रहित की गई थी. करीब डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी उक्त किसानों को उनकी भूमि का मुआवजा नहीं दिया गया है. किसान लगातार तहसील एवं संबंधित विभागों के चक्कर लगा रहे हैं. उन्होंने भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत किसानों को कलेक्टर गाइडलाइन की दर से चार गुना मुआवजा एवं साकलोन पटवारी हल्के के धरमपुर ग्राम में बाजार मूल्य का दो गुना मुआवजा तत्काल दिलाने, मुआवजे के साथ डेढ़ साल का विलंब ब्याज भी जोड़ा जाने, 15 दिन के अंदर भुगतान की समय-सीमा तय की जाने की मांग की. साथ ही शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी. इस अवसर पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि सिरोंज बाईपास का निर्माण हुए डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीत चुका है. लेकिन जिन किसानों की कृषि भूमि अधिग्रहित की गई, उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिला है. इससे प्रभावित किसानों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीन विकास कार्यों के लिए दे चुके हैं, इसलिए शासन का दायित्व है कि उन्हें नियमानुसार शीघ्र उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, यदि 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं किया गया, तो प्रभावित किसान लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन शुरू करेंगे. किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित किसानों को बिना किसी भेदभाव के नियमानुसार तत्काल मुआवजा प्रदान कर न्याय दिलाया जाए. इस अवसर पर मुस्ताक खान हसीन मियां गोपाल कुशवाहा प्यारे मियां फरीद खान भगवान सिंह कुशवाहा अमीनुल जफर आदि किसान मौजूद थे.

एक नजर में

विष्णुलोक बैकुण्ठधाम में आज देवशयनी एकादशी पर मनोकामना दीपदान

नवभारत न्यूज

विदिशा. धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में श्री विष्णुलोक बैकुण्ठधाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में शनिवार 25 जुलाई को आषाढ़ शुक्ल देवशयनी एकादशी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी. इस अवसर पर गोधूली बेला में मनोकामना दीपदान, तुलसी पत्रों से भगवान श्रीहरि की विशेष पूजा-अर्चना, मंगल आरती तथा गोसेवा का आयोजन होगा. श्रद्धालु अक्षय पुण्य फल की कामना से गौमाताओं को हरी घास और गुड़ खिलाकर सेवा करेंगे. डॉ. कपिल चतुर्वेदी शास्त्री ने बताया कि देवशयनी एकादशी से भगवान श्रीहरि चार माह के चातुर्मास के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं. इसी के साथ चातुर्मास का शुभारंभ होता है और इस अवधि में विवाह सहित सभी मांगलिक कार्य स्थगित रहते हैं. चातुर्मास की समाप्ति के बाद पुन: मांगलिक कार्य प्रारंभ किए जाएंगे. मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करने की अपील की है.

सेवा, समर्पण और वैराग्य ही सच्ची भक्ति का मार्ग : श्रीमहंत

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री नौलखी मंदिर में आयोजित श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा के सातवें दिवस कथा व्यास नौलखी खालसा श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ का महाप्रसाद, चंदन, पुष्पमाला और उतारे हुए वस्त्र साधारण नहीं, बल्कि दिव्य स्वरूप हैं. श्रद्धा से इन्हें धारण और ग्रहण करने वाला सहज ही माया पर विजय प्राप्त कर लेता है.

उन्होंने कहा कि महाप्रभु के परम भक्त रघुनाथ दास जी का जीवन त्याग, सेवा, समर्पण और वैराग्य का सर्वोत्तम उदाहरण है. उन्होंने राजसी वैभव का त्याग कर श्रीचैतन्य महाप्रभु की शरण ग्रहण की और जगन्नाथ पुरी में सेवा को ही जीवन का लक्ष्य बना लिया. सच्चा भक्त भगवान से भोग नहीं, बल्कि सेवा का अवसर मांगता है.कथाव्यास ने स्कंद पुराण का प्रसंग सुनाते हुए राजा इंद्रद्युम्न की भगवान जगन्नाथ के दर्शन की उत्कट इच्छा और दिव्य धाम की खोज का वर्णन किया. उन्होंने कहा कि जगन्नाथ पुरी केवल तीर्थ नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और वैराग्य की जीवंत पाठशाला है.कथा में मूडरीधाम महंत परशुराम दास जी महाराज एवं आचार्य पं. केशव शास्त्री भी उपस्थित रहे. रथ महोत्सव के अंतर्गत श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा का आयोजन 25 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 5 से 6.30 बजे तक किया जा रहा है. श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर महाप्रभु की भक्ति और महिमा का रसास्वादन किया.

बुजुर्गों व दिव्यांगों की पेंशन को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

पूर्व विधायक निशंक जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. सामाजिक सुरक्षा पेंशन और आवास योजना के लंबित मामलों को लेकर उप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक निशंक जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नगर के अनेक वृद्ध, दिव्यांग और अन्य पेंशन हितग्राहियों को लंबे समय से पेंशन नहीं मिल रही है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. साथ ही पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ भी नहीं मिलने की बात कही गई.पूर्व विधायक निशंक जैन ने मांग की कि पेंशन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा आवास योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी.इस दौरान सौदान सिंह यादव, विकास शर्मा, राजेश माहेश्वरी, प्रकाश मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, कल्याण सिंह नागौरी, जोएब हसन, मंजू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पेंशनधारी बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगजन उपस्थित रहे. जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रवि यादव ने दी.

बंदरों के आतंक से लोग परेशान कार्रवाई नहीं होने से बढ़ा आक्रोश

- बच्चों से सामान छीन रहे बंदर, महिलाओं पर भी कर रहे हमला
- वन विभाग से पकड़ने की मांग

नवभारत न्यूज

पठारी. नगर के कई वार्डों में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. बंदरों के कारण आम नागरिक, खासकर बच्चे और महिलाएं, भय के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वन विभाग से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.

नागरिकों के अनुसार बंदर बच्चों के हाथों से खाने-पीने का सामान छीन लेते हैं. यदि कोई उन्हें भगाने की कोशिश करता है तो वे हमला कर घायल कर देते हैं. बारिश के मौसम में मकानों की छतों पर डाली गई प्लास्टिक की पन्नियां भी बंदर फाड़ देते हैं, जिससे घरों में पानी टपकने लगता है और लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. कई कच्चे मकान भी क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई है.स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में काले मुंह के बंदरों के साथ एक लाल मुंह का बंदर भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है. नागरिकों ने वन विभाग से मांग की है कि बंदरों को जल्द पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी बड़ी दुर्घटना से बचाव हो सके.

विधायक ने किया कन्या विद्यालय का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिरोंज, गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने प्राचार्य एवं शिक्षकों से मुलाकात कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया. विधायक ने विद्यालय के प्राचीन पुस्तकालय का निरीक्षण कर वहाँ उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की.

साथ ही विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं के संबंध में प्राचार्य एवं शिक्षकों से चर्चा कर सुझाव एवं मार्गदर्शन लिया. निरीक्षण के दौरान विधायक शर्मा ने कुछ प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कमियाँ भी देखीं.

उन्होंने बताया कि वर्तमान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज की ऐतिहासिक रावजी की हवेली में संचालित हो रहा है, जो अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है. विद्यालय में वर्तमान में लगभग 800 छात्राएँ अध्ययनरत हैं. उन्होंने कहा कि विद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं.

ओलंपस हाई स्कूल में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

एएसपी मोनिका तिवारी ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज

विदिशा. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत ओलंपस हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया.

एएसपी मोनिका तिवारी ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र का भविष्य है. यदि विद्यार्थी नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, खेल, अनुशासन और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाएं, तो वे समाज के लिए प्रेरणा बन सकते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और मित्रों को भी जागरूक करने का आह्वान किया.राज्य समन्वयक, नशा मुक्ति केंद्र, वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर और परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है. उन्होंने विद्यार्थियों से सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली और अच्छे मित्रों का साथ अपनाने की अपील की.कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा सभी ने अभियान के सेल्फी प्वाइंट पर सहभागिता कर नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया.विद्यालय के चेयरमैन यशपाल सिंह और डायरेक्टर मोहित रघुवंशी ने पुलिस विभाग एवं नशा मुक्ति केंद्र की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के नैतिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इस अवसर पर अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी, प्राचार्या प्रियंका सिंह, प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी, एनसीसी कैडेट, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

शहर वाचनालय में चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य तिलक की जयंती मनाई

नवभारत न्यूज

विदिशा. शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई. कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया. वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जन्म अलीराजपुर जिले के भाबरा में हुआ था. उन्होंने असहयोग आंदोलन में भाग लिया और गिरफ्तारी के दौरान अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतंत्रता तथा पता जेलखाना बताया, जिसके बाद वे चंद्रशेखर आजाद के नाम से प्रसिद्ध हुए. उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से घिरने पर स्वयं को गोली मारकर अपने प्रण को निभाया.

डीईओ के आदेश भी बेअसर, चार स्कूलों ने आरटीआई पर नहीं दी जानकारी

- 30 दिन बाद भी नहीं मिला जवाब, प्रथम अपील के आदेशों की भी अनदेखी
- वित्तीय अनियमितताओं की आशंका

नवभारत न्यूज

लटेरी. सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने और जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों की भी अनदेखी करने का मामला सामने आया है. आरोप है कि लटेरी के चार शासकीय विद्यालयों ने निर्धारित समय सीमा और प्रथम अपील के आदेश के बाद भी सूचना उपलब्ध नहीं कराई.

ग्राम मुरवास निवासी विनोद कुशवाह ने 5 अप्रैल 2026 को सीएम राइज स्कूल लटेरी, शासकीय मॉडल उमावि लटेरी, शासकीय कन्या उमावि लटेरी और पीएम उमावि आनंदपुर से वर्ष 2025-26 के वित्तीय एवं शैक्षणिक अभिलेख, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर, बिल-वाउचर, एसएमडीसी रिकॉर्ड और परीक्षा परिणाम सहित विभिन्न जानकारियां मांगी थीं.30 दिन बीतने के बाद भी सूचना नहीं मिलने पर उन्होंने 20 मई को प्रथम अपील दायर की. सुनवाई के बाद 11 जून को जिला शिक्षा अधिकारी ने 15 दिन के भीतर निशुल्क जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, लेकिन आरोप है कि आज तक आदेश का पालन नहीं किया गया.

क्या कहते हैं अधिकारी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र बघेल ने कहा, मामला मेरे संज्ञान में आया है. मैं इसकी जांच कराऊंगा कि संबंधित विद्यालयों ने जानकारी क्यों उपलब्ध नहीं कराई.

चार महीने से बंद पेंशन पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

नवभारत न्यूज

विदिशा. जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के चार माह से लंबित रहने पर प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि हजारों बुजुर्ग, दिव्यांग और निराश्रित विधवा हितग्राही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं. जिनके लिए पेंशन ही जीवनयापन का प्रमुख साधन है, वे दवा, राशन और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए परेशान हैं.अरुण अवस्थी ने कहा कि कई बुजुर्ग रोज बैंक और पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनके खातों में पेंशन की राशि नहीं पहुंच रही. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार योजनाओं के प्रचार में व्यस्त है, जबकि सबसे जरूरतमंद वर्ग की अनदेखी की जा रही है.

विद्यालय में लोकतंत्र की पाठशाला बनी बाल कैबिनेट

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, ग्राम सेमरी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बाल कैबिनेट का गठन किया गया . कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना रहा . कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने बैलेट बॉक्स के माध्यम से मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया .

चुनाव अधिकारी कु. कशिश विश्वकर्मा एवं कु. ललिता लोधी के निर्देशन में मतदान संपन्न हुआ, जबकि मतगणना अधिकारी कु. सोनिका लोधी एवं कु. रक्षा लोधी ने परिणाम घोषित किए . परिणाम के अनुसार अरूण लोधी राष्ट्रपति, कु. प्रियंका लोधी प्रधानमंत्री, अंश लोधी मुख्यमंत्री, यश पंथी वित्त मंत्री, रोहित अहिरवार स्वास्थ्य मंत्री, कु. परी लोधी अनुशासन मंत्री, कु. सलोनी मालवीय स्वच्छता मंत्री, चित्रांश पंथी पर्यावरण मंत्री, ऋषभ पंथी गृह मंत्री, पवन लोधी कृषि मंत्री, यश लोधी खेल मंत्री, सूर्यांश विश्वकर्मा पुस्तकालय मंत्री, कु. कशिश विश्वकर्मा शिक्षा मंत्री, कु. ललिता लोधी पौधारोपण मंत्री, हर्ष पंथी खाद्य मंत्री, कु. रक्षा लोधी बाल विकास मंत्री, प्रियांश लोधी जल मंत्री, कु. सोनिका लोधी सूचना मंत्री, कु. नैनी पंथी योग मंत्री तथा यशवंत लोधी संस्कृति मंत्री चुने गए .

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

खतरा | व्यस्त तालाब रोड पर तिराहे पर सड़क किनारे लगीं दुकानें, प्रशासन के निर्देश हो रहे बेअसर साबित

मुख्य सड़क किनारे फिर सजा हाट बाजार, हादसे का बना रहता खतरा

नवभारत न्यूज

सिरोंज, प्रशासन के निर्देशों के बावजूद सिरोंज का साप्ताहिक हाट बाजार शुक्रवार को एक बार फिर मुख्य सड़क पर सज गया. तालाब रोड पर तिराहे के आसपास सड़क किनारे लगी दुकानों के कारण यातायात प्रभावित रहा. जिसके कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई कुछ दिनों तक ही दिखाई देती है, इसके बाद व्यवस्था फिर जस की तस हो आती है.

तालाब रोड शहर का व्यस्त मार्ग है. इसी रास्ते से भोपाल, लटेरी सहित अन्य शहरों के लिए बसों का संचालन होता है. इसके अलावा ट्रक, चार पहिया और दोपहिया वाहनों की लगातार आवाजाही रहती है. ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग पर सड़क किनारे दुकानें लग जाने से मार्ग संकरा हो जाता है, जिससे वाहन चालकों को निकलने में कठिनाई होती है और कई बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है. हाट बाजार के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सड़क पर ही खरीदारी करते हैं. भीड़ के बीच गुजरने वाले वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है. प्रशासन ने पहले भी कई बार हाट बाजार को सब्जी मंडी परिसर में लगाने के निर्देश दिए हैं. नगर पालिका द्वारा सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाकर सब्जी मंडी में स्थानांतरित भी कराया गया, लेकिन नियमित निगरानी और लगातार कार्रवाई के अभाव में दुकानदार कुछ ही दिनों बाद फिर मुख्य सड़क पर दुकानें लगाने लगते हैं. शुक्रवार को भी तालाब रोड पर तिराहे के समीप तक यही स्थिति देखने को मिली. नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थायी व्यवस्था बनाई जाए. हाट बाजार को पूरी तरह सब्जी मंडी परिसर में संचालित कराया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके.

इनका कहना है -

शहर में शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार को सब्जी मंडी में लगाने के निर्देश दिए गए हैं. यदि कोई दुकानदार मुख्य सड़क पर दुकान लगाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

रामप्रकाश साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सिरोंज